卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 247 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦18 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## नीट परीक्षा में थोड़ी भी गलती हुई है तो उसमें सुधार करें: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। नीट यूजी परीक्षा परिणाम 2024 मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फिर सख्ती दिखाई है। कोर्ट ने केंद्र और एनटीए से कहा कि अगर किसी की ओर से 0।001% भी लापरवाही हुई है, तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बच्चों ने परीक्षा की तैयारी की है, हम उनकी मेहनत को नहीं भूल सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जरा कल्पना कीजिए कि कोई डॉक्टर ऐसे व्यक्ति का इलाज कर रहा हो, जो इस तरह से गुजरा हो और जिसकी जांच की जरूरत हो। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और एनटीए से कहा



कि वे नीट-यूजी के खिलाफ दायर याचिकाओं को विरोधात्मक मुकदमेबाजी के तौर पर न लें और अगर परीक्षा आयोजित करने में कोई गलती हुई है, तो उसे स्वीकार करें और उसमें सुधार करें। नीट पेपर लीक और सीबीआई जांच मामले पर सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में हर दिन बीतने के साथ साथ नीट परीक्षा को चुनौती देने वाली याचिकाओं की कतार सुप्रीम कोर्ट में लंबी होती जा रही है। हालांकि सभी को मांग कमोबेश एक जैसी ही है, लिहाजा उनकी सुनवाई अवकाशकालीन पीठ के समक्ष औपचारिक ही रहने (शेष पृष्ठ सात पर)

## रायपुर गोलीकाण्ड का मुख्य आरोपी राजस्थान में दबोचा

देहरादून (उद संवाददायता)।रायपुर डोभाल चौक पर हुए गोलीकांड के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। मामले में तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। बता दें रायपुर का डोभाल चौक रविवार रात गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा था। डोभाल चौक के पास गढ़वाली कॉलोनी में रहने वाला देवेंद्र कुमार उर्फ सोनू भारद्वाज ब्याज का काम करता है। वह लोगों की चल और अचल संपत्तियों को गिरवी रख ब्याज पर पैसे देता है। नेहरू ग्राम निवासी दीपक बडोला ने 15 जून को अपनी पुरानी कार का कारोबार करने वाले सागर यादव को बेचने के लिए दी थी। लेकिन, अगले दिन रविवार को दीपक बडोला को पता चला कि सागर ने कार बेचने के बजाय उसे सोनू भारद्वाज के पास साढ़े तीन लाख रुपये में गिरवी रख दी। दीपक बडोला ने सागर यादव से अपनी कार मांगी तो उसने गालियां देकर बडोला को भगा दिया। इस पर बडोला ने सोनू भारद्वाज से कार वापस मांगी। वहां भी बडोला के साथ यही सलूक हुआ। इसके बाद बडोला रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे दो दोस्तों सुभाष क्षेत्री और मनोज नेगी को लेकर सोनू भारद्वाज के घर पहुंच गए। सोनू भारद्वाज के घर पर पहले से ही उसका भाई मोनू भारद्वाज, पेशेवर बदमाश रामबीर, मनीष, अंकुश और (शेष पृष्ठ सात पर)

## कमरे में फैक्ट्री कर्मी का शव मिलने से हड़कम्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।शिव नगर ट्रांजिट कैम्प में सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री से ड्यूटी से वापस आने के बाद एक श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के समीप कच्ची शराब के कई खाली पाऊच पाये जाने से संभावना व्यक्त की जा रही है कि अधिक शराब पीने से उसकी मौत हुई है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से सनराईज कालोनी, गणेशपुर, पीलीभीत उप्र निवासी 51 वर्षीय धमेंन्द्र कुमार पुत्र रूपराम यहां शिव नगर में किरायेदार के रूप में अकेले रहकर सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम करता था। बताया जाता है कि गत दिवस वह ड्यूटी से वापस आया और अपने कमरे में चला गया। देर सायं तक जब वह नहीं उठा तो मकान मालिक ने उसके कमरे जाकर देखा तो वह फर्श पर बेसुध अवस्था में पड़ा हुआ था और उसके समीप ही कच्ची शराब के कई खाली पाऊच पड़े हुए थे। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और धमेंन्द्र को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।(शेष पृष्ठ सात पर)

## कार शोरूम के गैराज में आग से तीन वाहन खाक

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मंगलवार की सुबह शहर के किआ कार शोरूम के गैराज में आग लग गई। यहां पार्किंग में खड़ी कारों में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने आग पर कुछ ही देर में काबू पा लिया। इस अग्निकाण्ड में तीन कार जलकर खाक हो गयी। जानकारी के अनुसार गोरापड़ाव स्थित किआ कार शोरूम कार के गोदाम में आग लगने से तीन गाड़ियां जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया।



आग किसी वजह से लगी, फिलहाल इस बारे में कुछ पता नहीं लगा है। गनीमत रही कि समय रहते कर्मचारियों ने कई अन्य कारों को वहां से हटकर अलग किया। अन्यथा आग लगने की ये घटना बड़ा रूप ले सकती थी और शोरूम को बड़ा नुकसान हो सकता था। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग लगने के बाद शोरूम परिसर और आसपास का इलाका धुएं से भर गया। इस दौरान बरेली रोड हाइवे पर लोगों की भीड़ लग गई। आग शोरूम के पिछले हिस्से स्थित यार्ड में लगी। यार्ड में बड़ी संख्या में गाड़ियां रिपेयर होने के लिए आई थी। इस अग्निकांड में तीन गाड़ियां जलकर पूरी तरह से खाक हो गई हैं।

## फोन चुराकर पेटीएम से निकाले 3.80 लाख रुपए

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति ने लालपुर के एक दुकानदार का फोन चोरी कर पेटीएम व फोन पे से 3.80 लाख रुपए निकाल लिए। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। लालपुर निवासी कौशल कुमार पुत्र लालता प्रसाद ने कहा है कि वह किराना स्टोर चलानकर परिवार का गुजारा करता है। 8 जून को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने किराना स्टोर में सामान दे रहा था। तभी अज्ञात व्यक्ति ने काउंटर पर रखा उसका मोबाइल चोरी कर लिया। जब उसने (शेष पृष्ठ 7पर)

## उत्पीड़न के खिलाफ श्रमिकों ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।डॉल्फिन श्रमिक संयुक्त मोर्चा उधमसिंह नगर से जुड़ी विभिन्न ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर उनसे डॉल्फिन फेक्ट्री प्रबंधन द्वारा श्रमिकों के किए जा रहे उत्पीड़न पर रोक लगाने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि डॉल्फिन के मजदूर न्यूनतम वेतनमान लागू करने, संविदा श्रम अधिनियम 1970 और और ठेकेदारों के लाइसेंस के उल्लंघन पर रोक लगाने, स्थाई मजदूरों को ठेकेदार के तहत नियोजित करने के अवैध कृत्य पर रोक लगाने, स्थाई मजदूरों की अविधिक गेटबंदी पर रोक (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाग में लगे जाल में फंसकर दर्जनों पक्षियों की मौत

किच्छा(उद संवाददाता)। पक्षियों से बगीचे की सुरक्षा के लिए लगाए गए जाल में फंसकर दर्जनों पक्षियों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरांचल कॉलोनी के पास स्थित एक आम लीची के बगीचे में एक व्यक्ति द्वारा आमों के पेड़ों को मछली के जाल से कवर्ड किया हुआ था जिसमें फंस कर दर्जनों पक्षियों की मौत हो गई ।रुद्रपुर वन विभाग के कार्यालय को किसी व्यक्ति द्वारा सूचना पर वन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर आकर निरीक्षण किया तो पाया कि आम और लीची के फलों की सुरक्षा हेतु एक



व्यक्ति द्वारा पेड़ों के ऊपर मछली का जाल फैला रखा था जिसमें फंसकर दर्जनों पक्षियों की मौत हो चुके थी। मामले में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है तथा आमों के पेड़ों के ऊपर डाले गए जालों को भी कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आम की बगीचे में पांच पेड़ों पर जाल लगाए गए थे। वन विभाग की टीम द्वारा पकड़े गये आरोपी युवक का नाम रविदास है। वन विभाग की टीममें राजू दास, नंदन, रामवीर शामिल थे। समाचार लिखने तक मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही थी।

## ट्रैक्टर ट्राली में अवैध सागौन और शीशम लकड़ी ले जाते दो गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने चैकिग के दौरान सागौन व शीशम की अवैध लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली सहित दो वन्य तस्करों को पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार उनि राजेन्द्र प्रसाद साथी पुलिस कर्मियों कानि. मुकेश कुमार व जगदीश पपनै के साथ चौकी कुण्डेश्वरी क्षेत्र मुख्य चौराहे पर चैकिंग कर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर टीम ढकिया नंबर 3 वाली रोड पहुँची। कुछ देर में सामने से ट्रैक्टर ट्राली आती दिखाई दी। रूकने के इशारे करने पर वाहन परें बैठे 2 व्यक्ति अचानक अलग-अलग दिशा में पीछे की तरफ भागने का प्रयास करने लगे। शक होने पर टीम ने पीछा कर दोनों को पकड लिया। पूछताछ करने पर ट्रैक्टर के चालक ने अपना नाम रिजवान अली पुत्र अकबर अली निवासी ग्राम अलीनगर उत्तरी निकटकिसान सोसाईटी थाना स्वार रामपुर तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम पता रईस अहमद पुत्र मो.जान निवासी वार्ड 17 मौ. रसूरलपुर नौगजा थाना स्वार रामपुर बताया । वाहन के आगे पीछे कोई नम्बर प्लेट नहीं लगी थी। तलाशी लेने पर ट्राली में लगे तिरपाल को हटाकर देखा तो इसमें छोटे-बडे अलग-अलग मोटाई के सागौन व शीशम (शेष पृष्ठ सात पर)

## मॉर्निंग वॉक पर निकले सीएम ने बनाई चाय, खिलाड़ियों के साथ खेला फुटबाल

नैनीताल (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत नैनीताल के भ्रमण पर हैं। यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार सुबह मॉर्निंग वॉक करने के लिए निकले, जहां उन्होंने बड़ा बाजार, पंत पार्क क्षेत्र में स्थानीय लोगों के साथ-साथ नैनीताल घूमने आए पर्यटकों से मुलाकात कर हाल-चाल जाना। इस दौरान सीएम सिंह धामी पंत पार्क क्षेत्र में चाय की दुकान पर पहुंचे। जहां उन्होंने खुद चाय बनाई और चाय पीने के साथ-साथ अपने सहयोगियों और अपने स्टाफ को भी चाय पिलाई। सीएम ने साथ ही नैनीताल घूमने आए पर्यटकों से मुलाकात कर उत्तराखंड की पर्यटन गतिविधियों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री नैनीताल स्थित डीसा खेल मैदान पहुंचे। जहां उन्होंने खिलाड़ियों के साथ समय बिताया और फुटबॉल, बास्केटबॉल खेला। इस दौरान खिलाड़ियों ने सीएम पुष्कर सिंह धामी से नैनीताल में रेसिंग ट्रैक, हॉकी एस्ट्रोटर्फ समेत विभिन्न सुविधा नैनीताल को दिलाने की मांग की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में चल रही अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के साथ मुलाकात कर उत्तराखंड मे हॉकी के स्तर को बढ़ाये जाने को लेकर कार्य करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी (शेष पृष्ठ सात पर)






# भंडारी के समर्थन में उतरेंगे भाजपा के दिग्गज

## बदरीनाथ और मंगलौर की सीटों पर 20 जून को नामांकन करेंगे भाजपा के उम्मीदवार

देहरादून। बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी 20 जून को नामांकन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश पार्टी प्रभारी दुष्यंत गौतम और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। 20 जून को नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भंडारी गोपेश्वर में शक्ति प्रदर्शन करेंगे। उनके चुनाव के लिए गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी को विधानसभा का पालक बनाया गया है। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के हाथों में चुनाव प्रबंधन की कमान है। उनके नामांकन में सीएम धामी, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष समेत गढ़वाल क्षेत्र के सभी कैबिनेट मंत्री मौजूद रहेंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के मुताबिक, पार्टी प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना मंगलौर विस सीट से नामांकन भरेंगे। मुख्यमंत्री पहले उनके कार्यक्रम में शामिल होंगे। सोमवार को पार्टी प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट मंगलौर पहुंचे थे, जहां उन्होंने नामांकन वाले दिन होने वाली जनसभा और रोड-शो की रणनीति पर मंथन




किया। कांग्रेस भड़ाना को भाजपा का आयातित प्रत्याशी बताकर प्रचार कर रही है।दोनों सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित होने के बाद उपचुनाव में उम्मीदवारी को लेकर तस्वीर लगभग साफ हो गई है। प्रत्याशी घोषित करने के मामले में ही नहीं उपचुनाव के प्रबंधन और प्रचार के लिए टीम घोषित करने में भी भाजपा बाकी दलों से आगे निकल गई है। बदरीनाथ सीट पर विधायकी से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने वाले राजेंद्र भंडारी को प्रत्याशी बनाया जाना पहले से ही तय था। हालांकि, भाजपा ने पर्यवेक्षक भेजने की औपचारिकता निभाई। मंगलौर विस सीट पर भी पार्टी का पर्यवेक्षक भेजना पारंपरिक रहा, क्योंकि प्रत्याशी घोषित होने से पहले ही यूपी व हरियाणा में विधायक रहे करतार सिंह भड़ाना को मैदान में उतारे जाने की चर्चाएं उनके भाजपा में शामिल होने के दिन से तैर रही थीं। बदरीनाथ सीट पर भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भंडारी, कांग्रेस उम्मीदवार लखपत बुटोला और निर्दलीय प्रत्याशी नवल खली व वीरेंद्र पाल भंडारी एक ही ब्लाक पोखरी से हैं। अकेले ब्लाक में करीब 20 हजार वोट हैं। वीरेंद्र पाल सिंह भंडारी भाजपा के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष थे। राजेंद्र भंडारी को पार्टी शामिल कराने के बाद उन्होंने भाजपा छोड़ दी और अब निर्दलीय ताल ठोकने के लिए उन्होंने नामांकनपत्र खरीद लिया है। इससे भाजपा प्रत्याशी भंडारी के लिए अपने ही घर में बढ़त बनाने की चुनौती रहेगी। यहां से उन्हें अच्छे-खासे वोट मिलते रहे हैं।

# कांग्रेस ने लखपत बुटोला और काजी निजामुद्दीन पर खेला दांव

देहरादून(उद संवाददाता)। बद्रीनाथ सीट और मंगलौर सीट पर कांग्रेस ने उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर सस्पेंस खत्म कर दिया है। कांग्रेस ने बद्रीनाथ सीट से कांग्रेस नेता लखपत बुटोला को उम्मीदवार बनाया है। जबकि मंगलौर सीट से काजी निजामुद्दीन पर दांव खेला है। बद्रीनाथ और मंगलौर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव होना है। भारत निर्वाचन आयोग के चुनाव की घोषणा के बाद भाजपा ने दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। राजेंद्र भंडारी लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले ही भाजपा में शामिल हुए थे। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए राजेंद्र भंडारी को बद्रीनाथ विधानसभा से टिकट मिला है, जबकि मंगलौर विधानसभा से



करतार सिंह भड़ाना चुनाव लड़ेंगे। उत्तराखंड में भाजपा बहुमत में है, लेकिन उपचुनाव में भी दोनों सीटों पर कब्जा करने के लिए पूरी तैयारी से जुटी हुई है। हरिद्वार लोकसभा के अंतर्गत आने वाली मंगलौर विधानसभा सीट बसपा विधायक सरवत करीम अंसारी के निधन के बाद खाली हुई थी। लोकसभा चुनाव के बाद बीजेपी इन दोनों ही सीटों पर जीत हासिल करना चाहती है। भाजपा ने करतार सिंह भड़ाना को मंगलौर सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है। भड़ाना चार बार के सांसद और सात बार के विधायक रहे हैं। उधर पूर्व विधायक स्व. हाजी सरवत करीम अंसारी के निधन के बाद उनके बेटे उबेदुररहमान उर्फ मोंटी को टिकट मिलने से मुकाबला रोचक हो सकता है।

# गृहमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



देहरादून/नई दिल्ली। सोमवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार अमित शाह से दिल्ली में पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अभिनव कुमार द्वारा शिष्टाचार भेंट की गई। इस दौरान गृह मंत्री ने उत्तराखंड में लोक सभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने पर पुलिस महनिदेशक महोदय को बधाई दी। पुलिस महानिदेशक ने गृह मंत्रालय द्वारा चुनाव हेतु हर संभव सहायता उपलब्ध कराए जाने पर गृह मंत्री जी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान गृह मंत्री जी द्वारा राज्य में बढ़ती हुई वनाग्नि की घटनाओं को रोकने हेतु राज्य पुलिस द्वारा और सक्रिय भूमिका निभाए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए डीजीपी को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में गृह मंत्री का पद संभालने के बाद कश्मीर में धारा 370 हटाए जानें के केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण निर्णय को क्रियान्वित करने वाली उच्च स्तरीय टीम में डीजीपी अभिनव कुमार ने आईजी बीएसएफ कश्मीर के रूप में सक्रिय योगदान दिया था।

# अब 'आनंद' के संग यात्रा से उत्साहित हुए 'हरदा'

## पूर्व सीएम ने टिहरी डैम में वोटिंग करते शेयर किया रोमांचकारी वीडियो

देहरादून (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत इन दिनों गढ़वाल मंडल के दौरे पर टिहरी पहुंचे। यहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध टिहरी वोटिंग का रोमांचकारी वीडियो भी शेयर किया है। हरिद्वार लोकसभा सीट से अपने बड़े पुत्र वीरेंद्र सिंह रावत को भले ही विजय तिलक नहीं लगा पाये मगर अब हरदा ने अपने दूसरे पुत्र आनंद रावत भागीरथी स्वरूप की पूजा की एवं मां का आशीर्वाद लिया। इस दौरान विधायक विक्रम सिंह नेगी , कांग्रेस नेता शांति प्रसाद भट्ट, उत्तराखंड यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आनंद रावत, कांग्रेस के करता रहता हूं, तो कल भी मैं उनसे चाहूंगा कि जो पर्वतीय क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं उस पर बातचीत करूं, जंगलों में बढ़ती हुई आग के प्रकोप में भी बात करना चाहता हूं, नशे





डैम में अपने हाथों से हाउस मोटर वोट चलाकर साहसिक पर्यटन का भरपूर आनंद उठाया। पूर्व सीएम रीश रावत ने सोशल मीडिया पर अपने पुत्र आनंद रावत व अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ के साथ नई पारी की शुरूआत करने के संकेत दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार रविवार को भीषण गर्मी के बीच पूर्व सीएम हरीश रावत ने टिहरी झील में गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर मां गंगा के वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व सीएम हरदा ने बताया कि मेरे टिहरी भ्रमण में आनंद रावत भी मेरे साथ रहेंगे, आनंद बहुत सारे पकमें पर काम करते रहते है। मैं उनसे बात भी की जो प्रवृत्ति बढ़ रही है और पहाड़ों में भी बुरी तरीके से फैल रही है, मैं उस पर भी उनसे चर्चा करना चाहता हूं। आनंद मेरे साथ चल रहे हैं, मैं बहुत उत्साहित महसूस कर रहा हूं।

# फायर बॉल से हादसे की आशंका जतायी

## बिनसर वनाग्किांड की जांच में जुटा वन विभाग

देहरादून। अल्मोड़ा जनपद के बिनसर वन्यजीव विहार के जंगलों में भीषण वनाग्नि की चपेट में आने से चार वन कर्मचारियों की मौत हो गई थी।वही इस हादसे में चार अन्य वनकर्मी झुलस गये है। वन विभाग को अंदेशा है कि हादसे की वजह फॉयर बॉल है, जिससे बेहद तेज झोंके के साथ आग लगने और अप्रत्याशित तौर पर घटना घटित हुई और वन कर्मचारियों को बचाव करने के लिए समय नहीं मिल पाया। बिनसर वन्यजीव विहार में 14 जून को जंगल की आग बुझाने गए चार वनकर्मियों की मौत हो गई थी और चार घायल हो गए थे। इस मामले में वन मंत्री सुबोध उनियाल ने जांच के आदेश दिए हैं। प्रमुख वन संरक्षक को 15 दिनों में जांच रिपोर्ट देनी है। प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन ने घटनास्थल का दौरा किया है। प्रथम दृष्टया इस हादसे की एक वजह फायर बॉल को भी माना जा रहा है। घटनास्थल पर जांच में कई सालों से काफी मात्रा में बांज की सूखी पत्तियां डंप होने का पता चला है। इसके अलावा घटनास्थल के



पास तीखी ढाल भी है। ऐसे में आशंका है कि बांज की सूखी पत्तियां जो की काफी ज्वलनशील होती हैं, उसमें आग लगी और फायर बॉल बनने के बाद तेजी से आया होगा और उसकी चपेट में वहां जो वनकर्मी आ गए और उन्हें बचने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाया। ऐसा संकेत और हालात देखकर वन अधिकारी अनुमान लगा रहे हैं। हालांकि, यह एक आशंका है और अभी जांच रिपोर्ट आना शेष है। वन अफसरों के अनुसार, जब जंगल की आग लगती है और तेज हवा चलती है तो एक फायर बॉल बनता है जो मूवमेंट करता है। इस फायर बॉल की चपेट में जो भी चीज आती है, उसे काफी नुकसान होता है। मुख्य वन संरक्षक मनोज चंद्रन कहते हैं कि चीड़ की पत्ती से पिरूल गिरता है। इस तरह बांज की पत्तियां गिरती हैं, जो फ्यूल लोड की तरह होती है। हालांकि, तुलनात्मक तौर पर बांज में आग कम लगती है, पर अगर एक बार आग लग जाए तो वह चीड़ की तुलना में देर तक सुलगती रहती है।

# बिनसर अभयारण्य के जंगल में सेना के दो हेलीकॉप्टरों से पानी डालकर बुझाई आग

भीमताल। अल्मोड़ा के बिनसर अभयारण्य के जंगल में लगी आग बुझाने में शनिवार को वायुसेना को 80 प्रतिशत सफलता मिली। भीमताल झील से दो हेलीकाप्टरों के जरिये सुबह से शाम तक आठ बार पानी भरकर जंगल में लगी आग पर छोड़ा गया। ऐसे में आग आबादी क्षेत्र तक नहीं पहुंची। विंग कमांडर शैलेश सिंह ने कहा कि शनिवार को आठ बार में 19200 लीटर पानी आग में पड़ने से अस्सी प्रतिशत आग पर काबू पा लिया गया है। वहीं जंगलों में आग का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां एक के बाद एक जंगल आग से स्वाहा होते जा रहे हैं। बेतालघाट विकासखंड के ओड़ाबास्कोट गांव से सटे जंगल के आग की चपेट में आने से बेशकीमती वन संपदा राख हो गई। यहां बांज व चीड़ के कई पेड़ों को भी नुकसान पहुंचा है। पहाड़ों पर जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इससे मवेशियों के लिए चारा पत्ती का संकट खड़ा हो गया है वहीं आग की तपिश से प्राकृतिक जल स्रोतों में भी जलस्तर तेजी से घटता जा रहा है। शनिवार को बेतालघाट विकासखंड के ओड़ाबास्कोट गांव से सटा चीड़ व बांज नुकसान पहुंचने के साथ ही बेशकिमती वन संपदा को भी नुकसान पहुंचने का अंदेशा है। आग की लपटों से ग्रामीण भी दहशत में आ गए। इधर अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाइवे पर स्थित गरमपानी, खैरना,



बाहुल्य चुरानीभाटी व कपसोड़ का जंगल आग से धधक उठा। देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप ले लिया। आसमान छूती लपटों से कई बांज व चीड़ के पेड़ तक जल गए। जंगली जानवरों को दो पांखी क्षेत्र से सटे जंगल में भी देर शाम तक धुएं का गुबार उठता रहा। विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम को ठोस उपाय किए जाने की मांग वन विभाग से की है।



# उत्तराखंड के महानगरों में भीषण गर्मी ने तोड़ा रिकार्ड

## देहरादून में तापमान तीसरी बार 43 डिग्री पार तो हरिद्वार में 44 डिग्री पहुंचा तापमान दिन भर प्रचंड गर्मी और हीट वेव से लोग हलकान,रात को भी नहीं मिल रहा सुकून

देहरादून/ऊधमसिंहनगर। (उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में लोग भीषण गर्मी की मार झेल रहे है। मैदान से लेकर पहाड़ तक तपिश के कारण जनजीवन प्रभावित है। मैदानी क्षेत्रों में पारे ने सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिए हैं। लू के थपेड़ों



से आमजन बेहाल हैं। लगातार 10 दिनों से मैदानी क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है, जो कि सामान्य से छह से नौ डिग्री सेल्सियस अधिक है। प्रदेश में भीषण गर्मी से राहत मिलने के बजाय पारा लगातार बढ़ता जा रहा है। सूरज के तेवर तल्ख हैं और आसमान से आग बरस रही है। देहरादून में सोमवार को अधिकतम तापमान 43.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले केवल 1902 में ही जून में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार गया था। वहीं हरिद्वार में अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए जाने का दावा किया जा रहा है, जो कि आल टाइम रिकार्ड है। फिलहाल मैदानी क्षेत्रों में गर्मी से राहत मिलने के आसार कम हैं। हालांकि, पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। सोमवार को कुमाऊं के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बौछारें पड़ीं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार आज जनपद उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में ऊंचाई वाले स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। आसपास के निचले इलाकों में गर्जन के साथ झोंकेदार



हवाएं और आकाशीय बिजली चमकने की आशंका है। मैदानी क्षेत्रों में लू चलने को लेकर चेतावनी जारी की गई है। भीषण गर्मी से बेहाल उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में दिन में जीना मुहाल है। रात को भी सुकून नहीं मिल रहा है। दून में अधिकतम तापमान जहां सामान्य से नौ डिग्री सेल्सियस अधिक है, वहीं न्यूनतम तापमान भी पांच डिग्री सेल्सियस अधिक है। जबकि इन दिनों में दून का अधिकतम तापमान 34-35 और न्यूनतम तापमान 22-23 डिग्री सेल्सियस रहता है। ऐसे में रात को भी गर्म हवा के थपेड़े और उमसभरी गर्मी महसूस की जा रही है। उत्तराखंड में प्रमुख शहरों का अधिकतम तापमान हरिद्वार, 44.5, 08 रुड़की, 44.0, 07 देहरादून, 43.1, 09 ऊधमसिंह नगर, 41.6, 06 नैनीताल, 35.9, 07 मुक्तेश्वर, 32.0, 09 टिहरी, 31.4, 04 मसूरी, 30.7, 07 डिग्री दर्ज किया गया। देहरादून में इस सीजन में तीसरी बार पारा 43 डिग्री के पार हो गया है। मई से अभी तक कुछ दिनों को छोड़ लगातार गर्म हवाएं झुलसा रही हैं। वहीं उत्तराखंड के मैदानी जनपदों हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और हल्द्वानी सहित कई शहरों में तापमान बढ़ने से दिन रात भीषण गर्मी हो रही है। जबकि देशभर के कई राज्यों में भी तापमान बढ़ने लोग अब भारी संख्या में पहाड़ों का रूख कर रहे है। गर्मी से राहत पाने के लिए लगातार सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। उत्तराखंड के हिल स्टेशन पैक हो चुके हैं। सोमवार को दून का अधिकतम तापमान सामान्य से नौ डिग्री इजाफे के साथ 43.1 डिग्री रहा। इससे पहले साल 1902 की चार जून को अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री रहा था, जो अभी तक का ऑल टाइम रिकॉर्ड है। गर्मी के इस प्रचंड रूप की वजह मौसम वैज्ञानिक प्री मानसून की बारिश का न होना भी बता रहे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है प्री मानसून की बारिश में आई गिरावट और जलवायु परिवर्तन के चलते मैदान से लेकर पहाड़ तक भीषण गर्मी पड़ रही है। यही वजह है कि दिन के साथ रात को भी गर्म हवाएं खूब झुलसा रही हैं। इस सीजन उत्तराखंड की गर्मी ने कई बार नए रिकॉर्ड बनाए। रिकॉर्डतोड़ गर्मी का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। जबकि मई में ही दो बार दून का पारा 43 पहुंच गया है। इससे पहले 14 मई को दून का अधिकतम पारा 43 पहुंचा था। प्रदेश के मैदानी इलाकों के साथ पर्वतीय जिलों के कुछ हिस्सों में मंगलवार को गर्म हवाएं चलेंगी।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

## योग दिवस के लिए तैयारियां प्रारम्भ

गदरपुर (उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर गदरपुर नगर में अभी से तैयारियां शुरु कर दी गयी है। इस क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय-गदरपुर में देर शाम सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय लोगों की बैठक संपन्न हुई। इस मौके में उपस्थित स्थी कार्यकताओं ने विगत वर्ष योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की चर्चा करते हुए इस वर्ष और ज्यादत बेहतर करने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम संयोजक के रुप में बंटी छावड़ा एवं सह-संयोजक के रूप में प्रमोद बजाज एवं अभिषेक वर्मा के नाम में सर्वसहमति बनी. बैठक में जीवन जोशी, विनोद चुग सुरेश खुराना, अनिल जेठली, दर्शनसिंह नेगी, अशोक मोर्य, कुणाल नारंग, शिवम मिपाठी, देवेन्द्र बिस्ट, अजय बठला, नन्द किशोर, बिकास गावा, जतिन नारंग, पंकज सेतिया, कशीश खुराना, निपुण गगनेजा, सोनू विश्वास आदि कार्यकती मौजूद थे।

आवश्यकता है
अकाउंटेंट टेली- 3 वर्ष का अनुभव
फील्ड ऑफिसर- 3 वर्ष का अनुभव
रिसेप्शनिस्ट- 2 वर्ष का अनुभव
सुपरवाइजर- 3 वर्ष का अनुभव
माली- 3 वर्ष का अनुभव
चपरासी
Mail yr bio data on
Aalishan.uk@gmail.com
-संपर्क करें-
मो.9568300015,17

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

## दो महिलाओं को रूद्रपुर से कार में लिफ्ट देकर किया सम्मोहित, जेवर लेकर फरार

पंतनगर। क्षेत्र में सम्मोहित कर दो महिला वेटरिनरी कर्मियों से जेवर, मोबाइल व नकदी ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित महिला वेटरिनरी कर्मियों की तहरीर पर अज्ञात आरोपी युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। विकास भवन स्थित मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात मुख्य प्रशासनिक अधिकारी तारा सनवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 14 जून की शाम पांच बजे वह सहयोगी गीता रौतेला के साथ हल्द्वानी जाने के लिए मेट्रोपोलिस गेट के निकट वाहन के इंतजार में खड़ी थीं। इस दौरान उनके पास में एक और व्यक्ति भी खड़ा था। इसी बीच रुद्रपुर बाजार की ओर से आ रही एक सफेद कार से उस व्यक्ति ने लिफ्ट मांगी। साथ ही उनको भी सीट खाली है कहकर हल्द्वानी तक बैठने को कहा। कार चालक ने स्वयं को पुलिस में कार्यरत बताया। तो उन्होंने विश्वास कर लिया और उस कार में बैठ गईं। इसके बाद उस कार चालक ने संजय वन के पास उन्हें और उनकी सहयोगी गीता को सम्मोहित कर लिया। उसने उनके व गीता के कान के कुंडल, चेन, मोबाइल व नकदी लेकर उनको संजय वन के पास वाहन से उतार दिया और उस व्यक्ति के साथ हल्द्वानी की ओर भाग गया।

## ठुकराल ने बस हादसे के घायलों का जाना हाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों उत्तरकाशी में हुए बस हादसे में घायल रूद्रपुर के लोगों का पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अस्पताल पहुंचकर हाल जाना। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। बता दें बीते दिनों उत्तरकाशी में हुए बस हादसे में रूद्रपुर की एक महिला की मौत हो गयी थी जबकि कई लोग घायल हो गये थे। घायलों का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना ।



# घर के अंदर और बाहर ग्रामीणों की जान को खतरा

## नियमों को रौंदने वाले ओवरलोड मिट्टी वाहनों की टक्कर से चार मकान टूटे

सितारगंज (उद संवाददाता)। रसोईयापुर गांव के रास्तों पर इस वक्त मिट्टी खनन के ओवरलोड हाइवा, डम्पर मौत बनकर दौड़ रहे है। संकरे मार्गो के कारण अनियत्रित वाहनों की टक्कर से ग्रामीणों के चार मकानों की छतें, दीवारें भी टूट गई है। जो कभी भी गिर सकते हैं। ओवरलोड वाहनों का खौफ इस कदर है कि ग्रामीण दिन रात सड़कों में पहरेदारी कर परिवार की जान माल की सुरक्षा में लगे हुए है। इससे गांव में दहशत के बीच तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। कैलाश नदी से आरसीएल कम्पनी मिट्टी उठान का कार्य कर रही है। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि तय मानकों की कम्पनी अनदेखी कर रही है। दिन-रात नदी से ओवरलोड हाइवा, डम्पर नियमों को रौंदते गांव के संकरे मार्गों पर दौड़ रहे है। ओवरलोड वाहनों की टक्कर से हरबंश सिंह पुत्र सुरजन सिंह, मुखतियार सिंह पुत्र उत्तम सिंह, फहीम अहमद का सड़क किनारे खड़े मकान टूट गये है। जो कभी भी गिर सकते है। वहीं दूसरी गांव की संकरी सड़क में बेलगाम दौड़ते ओवरलोड वाहनों की चपेट में आने से सात वर्ष की अलीना बाल बाल बच गई। अलीना के परिजनों ने जब इसका विरोध किया तो कुछ लोगों पर फरीन पत्नी नजीर खां व अन्य महिलाओं बच्चियों की सार्वजनिक रुप से वीडियों बनाने का भी आरोप है। ग्राम प्रधान निर्मल सिंह ने आरोप लगाया कि मिट्टी खनन के वाहनों से गांव की सड़कें तो टूटी है चालक टक्कर मारकर भी मकान भी तोड़ रहे हैं। एसडीएम से मामले में शिकायत की गई है। गांव में भय बना हुआ है। चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की। जिस पर ग्रामीणों ने तमाम आरोप लगाए हैं।

## मकान तोड़ने के बाद दिया सीमेंट, रेत

सितारगंज। सड़क किनारे खड़े हरबंश सिंह के मकान को वाहन की टक्कर से तोड़ने के बाद कम्पनी के जिम्मेदारों ने मरम्मत के लिए सीमेंट के पांच कट्टे और रेत भी दिया है। जबकि हरबंश सिंह के नवनिर्मित मकान का लिटंर, दीवारें चटक गई है। जिस वक्त हादसा हुआ उस वक्त मकान में आठ लोग छोटे बच्चों के साथ सो रहे थे। हरबंश सिंह ने आरोप लगाया कि पुलिस, प्रशासन ग्रामीणों की शिकायतों पर कतई ध्यान नही दे रहा है। ग्रामीण दुखी है। फहीम ने आरोप लगाया कि गांव में तनावपूर्ण वातावरण फैल रहा है। गांव की छोटी सड़कों में मिट्टी वाहनों के कारण आवाजाही बंद हो गई है। ब्लाक प्रमुख पति पलविंदर सिंह औलख ने आरोप लगाया कि मामले में प्रशासन से मंगलवार को वार्ता की जाएगी। तहसीलदार पूजा शर्मा से इस मामले में जानकारी लेनी चाही लेकिन अधिकारियों की व्यस्ता के कारण बात नहीं हो सकी।







# आमजन के कार्यों को सुलझाने की प्रवृत्ति रखें अधिकारी: धामी

## मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में दिए सख्त दिशा निर्देश, इस बार कैंची धाम में बेहतर रही व्यवस्था, पर्यटकों के लिए आदि कैलाश में बेहतर सुविधा विकसित की जाएगी



नैनीताल(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नैनीताल क्लब में विभागीय अधिकारियों के साथ मानसून की तैयारियों और विभागीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति हर वर्ग तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। इससे लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ बेहतर योजना के साथ कार्य करें। बैठक लेते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कई बार शिकायत मिलती है,तो अधिकारी आम जन के कार्यों को उलझा देते है, जबकि अधिकारियों को प्रवृत्ति कार्यों को सुलझाने की होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि आम जन को ध्यान में रखकर कार्य करें। इसके लिए विभागीय अधिकारी को जिम्मेदारी लेनी होगी तभी आम जन के कार्य आसानी से होंगे, यही सरकार की प्राथमिकता और उद्देश्य है कि आम जन के कार्य जल्द से जल्द हो और बेहतर सुविधा मिल सके। सीएम ने बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि आए दिन विभिन्न सोशल मीडिया से जानकारी मिलती है कि जनता की बिजली खपत से ज्यादा उनके बिजली के बिल आ रहे है। इस संबंध में सीएम ने विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर को दूरस्थ क्षेत्रों में बिजली सुधार के कैंप लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी बिजली घरों में भी आम जन को बिजली बिल सुधार की व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस साल दुगने यात्री आदि कैलाश यात्रा पर आए हैं । इससे जाहिर है कि भविष्य में और अधिक यात्रियों के आने की संभावना है। हमें आने वाले यात्रियों की संख्या को देखते हुए सुविधाएं विकसित करनी होगी। इस दिशा में कुमाऊं आयुक्त और एमडी केएमवीएन को कार्य करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि पिछले साल पूरे सीजन में 315 यात्री केएमवीएन से आदि कैलश गए थे जबकि इस साल अब तक 610 यात्री आदि कैलाश की यात्रा कर चुके है। साथ ही लगभग 15 हजार लोगों को इनर लाइन परमिट जारी की गई है। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानसून की तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले सड़कों का पैच वर्क, चौड़ीकरण आदि का कार्य पूरा कर लें। साथ नगर निगम के अधिकारियों को नालियों के साफ सफाई आदि के कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। कहा कि बरसात के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था पूरी करने के निर्देश दिए। जिससे लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। सभी विभाग के अधिकारियों को मानसून में अधिक से अधिक पौधरोपण करने के निर्देश दिए। साथ ही पौधों को संरक्षण करने की बात कही। बैठक में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, एपीसीसीएफ विवेक पांडेय, जिलाधिकारी वंदना सिंह, एस एस पी पी एन मीणा, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर, दिनेश आर्य, विधायक नैनीताल सरिता आर्य , भीमताल राम सिंह कैड़ा, डायरेक्टर कॉर्बेट डा धीरज पांडेय, एम डी के एम वी एन डा संदीप तिवारी, मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, डीएफओ टी आर बीजूलाल, हिमांशु बागड़ी, यू सी तिवारी, पी सी आर्य, अपर जिलाधिकारी पी आर चौहान, शिव चरण द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रामनगर से कैंची धाम के लिए वैक्ल्पिक मार्ग बनाने पर सहमति

नैनीताल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस वर्ष कैंची धाम में जिला प्रशासन ने बेहतर व्यवस्था की। मेले में भक्तों को जाम का सामना नहीं करना पड़ा, साथ ही स्वास्थ्य सुविधा भी बेहतर रही। भवाली और गरमपानी में स्थाई और अस्थाई पार्किंग छोटी छोटी बनने से लोगों को सुविधा मिली। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमारी सरकार सरलीकरण–समाधान और निस्तारण के साथ बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने 2025 में होने वाले कैंची धाम मेले से पहले कैंची में सौंदर्यीकरण और अन्य कार्य पूरा करने की बात कही। उन्होंने सेनिटोरियम बाईपास का पुल निर्माण, डामरीकरण, कैंची धाम के पास अमृत सरोवर आदि के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने से रामनगर से कैंची धाम के लिए वैक्ल्पिक मार्ग बनाने की बात कही। भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया भीमताल में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से पर्यटकों को परेशानी और जाम की स्थिति बनी रही है। जिस पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भीमताल समेत आस पास के इलाकों में स्थाई और अस्थाई पार्किंग के लिए जगह चिह्नित करने के निर्देश और इंटर कालेज से समन्वय कर स्कूल की भूमि में छोटी पार्किंग बनाकर जाम की समस्या का समाधान हो सकता है।

# ग्लोबल वार्मिंग और प्रदेश भर में बढ़ती वनाग्नि की चुनौतियों के लिए कार्ययोजना कर रहे तैयार : सीएम




नैनीताल। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग बड़ी चुनौती है। इससे पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है जिसके चलते हमारे धारे, नौले, गधेरे और अन्य जलस्रोत सूख रहे हैं। इसके लिए सरकार वाटर रिवॉल्यूशन बोर्ड (जल क्रांति बोर्ड) बनाने जा रही है ताकि पानी के इन स्रोतों को पुनर्जीवित किया जा सके। सरकार ने जल संरक्षण की शुरुआत कर दी है, देहरादून में जल उत्सव इसका आगाज है। राज्य अतिथि गृह में पत्रकारों से बातचीत में सीएम धामी ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश भर में वनाग्नि की घटनाएं ज्यादा हुई हैं जो चिंतनीय है। वनाग्नि पर भविष्य की चुनौतियों के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है जिससे घटनाएं घटित ही न हों और यदि हों भी तो त्वरित राहत एवं बचाव किया जा सके। हालांकि बिना जनसहभागिता के यह संभव नहीं है। सीएम ने कहा कि वन विभाग समेत व्यवस्था में वनाग्नि की रोकथाम के लिए संसाधन बढ़ाने के साथ ही वन पंचायतों में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर इनका दायरा बढ़ाया जाएगा। सीएम ने कहा कि देश–दुनिया के पर्यावरण सुधार में हिमालय का विशेष महत्व है इसलिए हिमालयी राज्यों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। इसके लिए सार्थक पहल की जाएगी। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए भी योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि को आत्मसात करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुप्रतीक्षित जमरानी बांध जल्द ही मूर्त रूप लेने जा रहा है। इसकी सभी औपचारिकताएं पूरी की जा चकी हैं। बांध संबंधी दस्तावेजी कार्य लगभग अंतिम दौर में है। इससे हल्द्वानी समेत तराई भाबर को फायदा होगा। क्षेत्र का जल स्तर भी संतुलित रहेगा।

# सीएम धामी से विभिन्न संगठनों ने मुलाकात कर बताईं समस्याएं

नैनीताल। सीएम धामी से विभिन्न संगठनों ने मुलाकात कर उन्हें कई समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपे। कैलाकान हेलीपैड से नैनीताल आने के दौरान विधायक सरिता आर्या के आग्रह पर मुख्यमंत्री भवाली मार्ग पर टूटा पहाड़ क्षेत्र के पास से बलियानाला का निरीक्षण करने पहुंचे। विधायक ने बताया कि बलियानाला में कार्य की अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई। कुमाऊं विवि शिक्षक संघ ने संविदा अतिथि शिक्षकों को यूजीसी नियमानुसार 50 हजार प्रतिमाह दिए जाने, 10 वर्ष से संविदा व अतिथि शिक्षकों के रूप में कार्य कर चुके शिक्षकों को नियमितीकरण करने, शहर की आंतरिक मार्गों को गड्ढा मुक्त कराने की मांग की। वहां प्रो. ललित तिवारी, डॉ. विजय कुमार, डॉ. भुवन चंद्र आदि थे। इसके साथ ही भारतीय परिवहन मजदूर महासंघ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लीला बोरा ने ज्ञापन सौंपकर 10 वर्षों से अधिक की सेवाएं दे चुके चालक, परिचालक व कार्यशाला में संविदा, आउटसोर्स कर्मचारियों को स्थायी करने की मांग की। भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बिष्ट ने पानी के बढ़े बिलों, सीवर लाइन चोक होने, विद्युत बिलों में बढ़ोतरी होने के साथ ही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। वहां अरविंद पडियार, राजेंद्र बिष्ट, रमेश जोशी आदि थे।

# निर्जला एकादशी पर ठंडे मीठे पानी का वितरण किया



गदरपुर(उद संवाददाता)। बेस्ट बाई मार्ट, राजकीय इंटर कॉलेज के सामने गदरपुर पर निर्जला एकादशी पर पितरों की याद में ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई । सेवादारों द्वारा राहगीरों को ठंडे मीठे शरबत का वितरण करके उनकी प्यास बुझाई गई । इस अवसर पर जयकिशन अरोड़ा ने बताया कि पितरों की याद में निर्जला एकादशी पर राहगीरों एवं जनमानस की प्यास बुझाना पुण्य का काम है । निर्जला एकादशी पर श्रद्धालुओं द्वारा धर्म स्थानों पर जल का कुंभ, फल, पंखा एवं अन्य खाद्य सामग्री अर्पित कर पितरों को श्रद्धांजलि दी जाती है । इस मौके पर जय किशन अरोड़ा,अमरजीत सिंह, शशांक त्यागी,जसपाल डोगरा, सुरजीत बत्रा पंकज सेतिया,रविंद्र चावला, देवेंद्र सिंह,मंगतराम, त्रिलोक सिंह, हैप्पीचंद,मनीष अरोड़ा, सार्थक, सौरभ अरोरा, खुशी अनेजा, रिया, बबली,बॉबी, खुशी,काजल आदि मौजूद रहे वहीं नगर के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर निर्जला एकादशी पर पितरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# जान गंवाने वाले वनकर्मियों के परिजनों की सरकार हरसंभव मदद करेगी: रेखा आर्य



अल्मोड़ा। बिनसर अभयारण्य में हुए भीषण अग्निकांड में पीड़ि परिवारों को ढांढस बंधाने सोमवार को यह बात कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या मृतकों के परिजनों और घायलों के परिवार वालों से मिलने उनके घर पहुंची। उन्होंने वनाग्नि की दर्दनाक घटना पर दुख जताते हुए कहा कि जान गंवाने वाले वन कर्मी और पीआरडी जवान के परिजनों एवं अन्य दो मृतकों के परिजनों की सरकार हरसंभव मदद करेगी। प्रभावित परिवारों का दर्द बांटने पहुंची रेखा आर्या ने कहा कि सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि इस घटना में मृतक वन बीट अधिकारी त्रिलोक सिंह मेहता के परिजन सरकारी नौकरी के अधिकारी हैं। वहीं मृतक पीआरडी जवान पूरन सिंह के एक परिजन को नौकरी दी जाएगी। घायल पीआरडी जवान को स्वस्थ होने तक पूरा वेतन दिया जाएगा। अन्य घायलों का सरकार समुचित उपचार करवा रही है और उनके भविष्य को सुरक्षित करने के भी हरसंभव प्रयास होंगे। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि बिनसर में हुई घटना में एक नाबालिग की मौत हो गई थी। उसके परिजनों को मुआवजा दिया गया है। कहा उसके पिता को वन विभाग में रोजगार मिलेगा ताकि प्रभावित परिवार को भरण–पोषण में किसी भी तरह की दिक्कत न आए। हादसे में जान गंवाने वाले फायर वॉचर के परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

# जन्मदिन पर भगत दा से मिले सीएम धामी



देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का जन्मदिन पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हे शुभकमनायें दी हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भगत दा के जन्मदिन के मौके पर उनके आवास में जाकर मुलाकात कर बधाई दी। सीएम ने भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकत करते हुए तस्वीर साझा करते हुए बताया कि महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री भगत सिंह कोश्यारी के आवास पर पहुंचकर उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी। बाबा जागेश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं आरोग्यपूर्ण जीवन की प्रार्थना करता हूं। गौरतलब है कि उत्तराखंड के वरिष्ठ भाजपा नेता भगत दा का जन्म 17 जून 1942 को उत्तराखंड के तत्कालीन अल्मोड़ा जिले में हुआ था। आज भगत सिंह कोश्यारी को 82 साल पूरे हो चुके हैं। बता दें भगत दा सख्त अनुशासन के लिए जाने जाते हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा अल्मोड़ा में हुई थी। उन्होंने आगरा विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में आचार्य कि उपाधि ली थी।

# पुलिस के साथ प्रैंक करना महंगा पड़ा

## तीन छात्र गिरफ्तार, होटल से जाने से पहले बेड पर नकली डेड बॉडी बनाकर किया था गुमराह

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल स्थित एक होटल में रूकने आये तीन छात्रों द्वारा चौक आउट करने से पहले सफेद चादर में लपेट कर डेड बॉडी बनाकर चैक आउट कर चले गये। सफाई कर्मचारी जब रूम साफ करने आये तो बैड में सफेद चादर में लिपटी डेड बॉडी देख घबराकर पुलिस को सूचित किया गया।पुलिस को सूचना मिलने पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह , उनि प्रियंका, मका. पूनम कोरंगा, का. बृजमोहन मौके पर पहुँचे। चौक किये जाने पर बैड पर सफेद चादर में सॉस लगा कर तकिये लपेट कर डैड बॉडी दिखाने का प्रयास किया गया था। जो कि अनुचित प्रैंक था। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा उक्त कृत्य करने वालों का शीघ्र पता लगाकर कार्यवाही करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मल्लीताल को निर्देश किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मल्लीताल हरपाल सिंह द्वारा कार्यवाही करते हुए होटल मालिक से पूछताछ की



गयी तो ज्ञात हुआ उस कमरे में 3 लोग रूके थें। सीसीटीवी एवं पूछताछ पर तीनों को रूम से भागते हुए देखा गया। सर्विलास की मदद से उनका लोकेशन मुक्तेश्वर मालूम हुआ। मुक्तेश्वर थाना प्रभारी को कार्यवाही हेतु सूचित किया गया। तीनों छात्रों द्वारा नकली डेड बॉडी बनाकर पुलिस को गुमराह किया और आपातकालीन सेवाओं में बाधा उत्पन्न की। इनका पता लगाकर तीनों को थाना अध्यक्ष मुक्तेश्वर द्वारा थाना लाकर धारा- 81 पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए नगद ध नराशि जमा करवाकर दण्डित किया गया। साथ ही उन्हें कड़ी चेतावनी भी दी गई।पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि ल वे ऐसी अनुचित और गैर जिम्मेदाराना हरकतों से दूर रहें। इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल कानूनी रूप से दंडनीय हैं, बल्कि इससे वास्तविक आपातकालीन सेवाओं में भी बाधा उत्पन्न होती है। जिससे अन्य जरूरतमंद लोगों की जान को खतरा हो सकता है। पुलिस ने जिन छात्रों को गिरफ्तार किया उनमें देवाशीष नायक पुत्र चन्द्र मणि नायक निवासी इन्द्रापुरम गाजियाबाद, उज्जवल भारद्वाज पुत्र प्रदीप कुमार भारद्वाज निवासी शालीमार गार्डन साहिबाबाद तथा दिव्या सोन पुत्री लोकेन्द्र कुमार सौन निवासी शालीमार गार्डन दिल्ली शामिल हैं।

# चालक रविन्द्र की मौत से डिपो में शोक की लहर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर डिपो के चालक की गत दिवस ड्यूटी के दौरान मार्ग में यमुनानगर में अचानक हुई मौत से डिपो परिसर में शोक की लहर व्याप्त हो गई। बताया जाता है कि सिंह कालोनी निवासी 56 वर्षीय रोडवेज कमी



रूद्रपुर डिपो की बस संख्या यूके 07 पीए 4378 को लेकर रूद्रपुर से दोपहर करीब 12 बजे लुधियाना के लिए रवाना हुआ था। गत दिवस गंगा स्नान होने कारण वह लगभग 5 घंटे जाम में हरिद्वार में रूका रहा। रात्रि 8 बजे लुधि याना पहुंचकर वह फिर रूद्रपुर के लिए वापस निकला। वापसी के दौरान सहारनपुर के नजदीक यमुनानगर के पास अचानक उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ गई और कुछ ही देर बाद उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चालक रविन्द्र की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं रोडवेज अधिकारियों व कर्मचारियों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। इधर घटना से रोषित कर्मियों का कहना है कि विभाग द्वारा चालक परिचालकों से नियमों के विपरीत कई घंटे ज्यादा काम कराया जाता है। लम्बे रूट के लिए दो चालकों को भेजे जाने की व्यवस्था है। परंतु कई बार इस आदेश की अवहेलना की जाती है। इधर डिपो के सहायक महाप्रबंधक केएस राणा ने कहा है कि विभाग द्वारा मृतक चालक के परिजनों को नियमानुसार पूरी मदद की जायेगी।

# ओवलोडिंग के खिलाफ चला अभियान, 15 वाहनों के चालान

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।जिलाधिकारी उदय राज सिंह के निर्देशन में उपजिलाधि कारी मनीष बिष्ट, ए आर टी ओ निखिल शर्मा व पुलिस ने शहर में ओवरलोडिंग रोकने के लिए सोमवार को अभियान चलाकर 15 विभिन्न भार वाहनों का चालान



किया। उपजिलाधिकारी व ए आर टी ओ ने बताया कि ओवरलोडिंग रोकने हेतु अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को 15 वाहनों का चालान किया गया व 05 वाहन सीज किए गए,जिसे लगभग 02 लाख का राजस्व प्राप्त होगा ।

# छूटे गांवों को किच्छा विद्युत वितरण खंड से जोड़ने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।रुद्रपुर विद्युत वितरण खंड से अलग बनाए गए किच्छा विद्युत वितरण खंड में किच्छा तहसील के किच्छा गोला नदी के पार के छूट गए गांव को सितारगंज विद्युत वितरण खंड से अलग कर किच्छा विद्युत वितरण खंड में शामिल करने के संबंध में पूर्व विध ायक राजेश शुक्ला ने देहरादून में प्रबंध निदेशक विद्युत अनिल यादव से मुलाकात की। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने प्रबंध निदेशक विद्युत को बताया कि किच्छा तहसील के सुदूर ग्रामों के निवासियों को अपने विद्युत समस्याओं के निवारण हेतु रुद्रपुर पहुंचने में कठिनाइयों के दृष्टिगत उनकी मांग पर 2021 में शासन ने रुद्रपुर वितरण खंड का विभाजन कर किच्छा विद्युत वितरण खंड का गठन किया परंतु



त्रुटिवस उसमें किच्छा तहसील के ग्रामसभा नजीबाबाद, ग्राम सभा बखपुर, सूर्यनगर, कलकत्ता फॉर्म, रुद्रपुरसानी, गऊघाट, चाचर हसनपुर, धाधा आदि कई तोक शामिल नहीं हो पाए, इनके ग्राम से सितारगंज की दूरी 40 किलोमीटर से भी ज्यादा है तथा यहां से किच्छा मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर है। इनका थाना, बाजार, तहसील, परगना सभी किच्छा है तथा किच्छा पहुंचना आसान है।इस संबंध में 2022 की सरकार गठित होने के बाद मेरे अनुरोध पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी विभाग को निर्देशित किया तथा विद्युत वितरण खंड किच्छा द्वारा प्रस्ताव भी निदेशालय को भेजा जा चुका है। प्रबंध निदेशक अनिल यादव से पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि जनहित में यथाशीघ्र उपरोक्त गांवों को सितारगंज विद्युत वितरण खंड से अलग कर नवसृजित किच्छा विद्युत वितरण खंड में शामिल करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। प्रबंध निदेशक अनिल यादव ने पूर्व विधायक को उक्त ग्रामों को विद्युत वितरण खंड किच्छा में शामिल करने हेतु आस्वस्त किया कहा कि संबंधित को निर्देशित कर यथा शीघ्र उक्त गांव को विद्युत वितरण खंड किच्छा में शामिल किया जाएगा।

# हवन यज्ञ कर मनाया कोश्यारी का जन्मदिन

गदरपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री जन जन के नायक हिमालय पुत्र एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल गदरपुर द्वारा श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में हवन यज्ञ कर उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने श्री सनातन धर्म मंदिर पहुंचकर प्रार्थना की इस दौरान पंडित विजय कुमार शास्त्री द्वारा हवन यज्ञ तथा मंत्र उच्चारण के साथ भगत सिंह कोश्यारी की दीर्घायु की कामना की गुंजन सुखीजा ने कहा कि जन जन के नायक भगत सिंह कोश्यारी के जन्मदिन पर हम सभी को संकल्प करना चाहिए



कि उनके आदर्शों पर चलकर देश सेवा के लिए हम भी समर्पित रहें, उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को श्री भगत सिंह कोश्यारी के जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए प्रसाद वितरण किया । इस मौके पर सुभाष गुंबर,राजेश गुंबर, नरेश हुड़िया, पंकज सेतिया, सुरेश खुराना,सतीश मिड्डा,अभिषेक वर्मा ,गुलशन शर्मा,सूरजभान गुप्ता,हैप्पी, हरलोक नामधारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# योग प्रशिक्षिका मंजू को योग भूषण अवॉर्ड

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ व अखिल भारतीय योगासन स्पोटर्स फेडरेशन की ओर से अयोध्या में योग महाकुंभ 2024 का आयोजन हुआ। जिसमें योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले योग चिकित्सको और शिक्षको को सम्मानित किया गया। इस क्रम में उत्तराखंड राज्य से योग प्रशिक्षिका मंजू राणा को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा एवं अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष योग गुरु मंगेश त्रिवेदी द्वारा सयुक्त रूप से श्री बीकेयश अयंगर योग भूषण अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। वर्तमान में योग प्रशिक्षिका मंजू राणा रूद्रपुर शहर के जेसीज पब्लिक स्कूल में



योग प्रशिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। योग प्रशिक्षिका मंजू राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि योग महाकुंभ में योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले संपूर्ण भारत देश से करीब 300 योग शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिसमें उन्हें उत्तराखंड राज्य से चयनित किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री अगुस इंद्र उदयना, इंडोनेशिया के वेदमूर्ति पवन दत्त, अवध प्रांत समरसता प्रमुख राजकिशोर, राममंदिर न्यास के सदस्य अनिल मिश्रा, भाग्योदय फाउंडेशन के अध्यक्ष राम महेश मिश्रा उपस्थित रहे। इस उपलब्धि पर सेक्रेटरी जनरल व इंटरनेशनल कोऑर्डिनेटर ऑफ पतंजलि योगपीठ डॉ. जयदीप आर्य एवं योगासन भारत जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. आरती पाल, जेसीज पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुरजीत सिंह ग्रोवर, प्रधानाचार्य, जिला जू-जित्सु एसोसि एशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, महासचिव ऋषिपाल भारती,चेतन धीर, शेखर सक्सेना,कमल सिंह, प्रिया विश्वास, लोरी,शिवानी आदि लोगों ने बधाई दी।

# जनता संवाद में बेहड़ ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

किच्छा( उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने बरसातों से पूर्व किच्छा विधानसभा के अंतर्गत प्रशासन की तैयारियों के लेकर अपनी चिंता जाहिर की इस दौरान उन्होंने बताया कि हर वर्ष किच्छा पुरानी गल्ला मंडी में गोला नदी में बाढ़ जैसे हालत हो जाते है तथा पिछले वर्ष भी ये ही स्थिति उत्पन्न हो गयी थी तथा उनके द्वारा मौका मुआयना भी किया गया थ। पुरानी गल्ला मंडी के ऊपर हमेशा बाढ़ आने का खतरा बना रहता है। विधायक बेहड़ ने जानकारी देते हुए बताया इस सम्बन्ध में उनके द्वारा जिला व राज्य प्रशासन से पुरानी गल्ला मंडी में गोला नदी में ठोकरे बनाये जाने की मांग रखी गयी है तथा इस सम्बन्ध में लगभग 5 करोड़ रूपये के आंगणन बनाकर शासन के समक्ष प्रस्तुत किये जा चुके है तथा इस इस सम्बन्ध में माननीय मुख्यमंत्री जी से भी मिले थे व उनसे भी मांग की थीं । बरसातों से पूर्व इन ठोकरों



का निर्माण कराया जाना अत्यंत आवशयक है किन्तु सरकार इसको गंभीरता से नहीं ले रही है। इससे पूर्व जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ओर वर्तमान विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर विधायक बेहड ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान के आदेश पारित किए। जनता संवाद आयोजन के तहत प्रात: काल से विधायक बेहड़ के कार्यालय पर क्षेत्रवासियों का तांता लगा रहा । जिसमें क्षेत्रवासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन, बिजली के बिल, पानी , स्वास्थ्य , शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी। श्री बेहड ने अपने कार्यालय में सभी क्षेत्रवासियों को ईद उल अजहा तथा गंगा दशहरा की बधाई दी तथा सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान वार्ड न०-05 से देवकीनंदन सहित अनेकों वार्ड वासियों ने वार्ड में 5 विधुत पोल लगाये जाने की मांग की,वार्ड न०-17 किच्छा पुलभट्टा के सुरजीत सिंह,प्रीतम सिंह,जोगेंद्र सिंह,मलूक सिंह,बरीत सिंह आदि निवासियों ने एक इंडियन मार्का नल लगाए जाने की मांग की ,सुभाषनगर वार्डन०-02 किच्छा से सिमरनजीत कौर,प्रेमा,हरप्रीत कौर,मुकेश, सुनीता, उर्मिला, पूनम,गुड्डी आदि ने पक्का रोड बनाये जाने की,शांतिपुरी न०-02 के निवासियों ने ढाकनी में गोल्ज्यू मंदिर में एक समुदाय भवन बनाये जाने की मांग,जवाहर नगर से प्रेम आर्या के नेतृत्व में वहां के निवासियों ने गोल कोठी के पीछे 250 मीटर सड़क निर्माण की मांग रखी इस दौरान वह से जीवन सिंह दानु,चन्द्र शेखर जोशी,ईश्वर सिंह दुबडिया, पान सिंह मेर,बहादुर सिंह बिष्ट,दीगर सिंह कोरंगा आदि लोग उपस्थित रहे ।

# बंद घर में चोरी करने आया चोर रंगे हाथ पकड़ा

दिनेशपुर( उद संवाददाता)। बंद घर का ताला तोड़ चोरी करते एक चोर को लोगों ने रंगेहाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।आवास विकास रुद्रपुर निवासी हयात राम ने बताया कि उसके छोटे भाई महेश राम का विजयनगर गांव के कृष्णा कालोनी में मकान है। वर्तमान में वह परिवार के साथ पैतृक गांव धारी नैनीताल गये हुये हैं। रविवार को बंद पड़े घर के दरवाजे का ताला तोड़ एक चोर भीतर घुसकर चोरी कर रहा था। जिसे लोगों ने रंगेहाथ पकड़ लिया।उसके कब्जे से घर से चुराई गई एक एलईडी और सैटटॉप बाक्स



बरामद हुए। बाद में चोर को पुलिस के हवाले कर दिया गया। थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने बताया कि मुकदमा दर्ज करने के चोर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## रेल गाड़ियों की भिड़ंत

पिछले कई वर्षों से रेल सेवाओं को सुंदर, सुरक्षित और सुविधानजक बनाने के दावे बढ़-चढ़ कर किए जाते रहे हैं, मगर रेल हादसों को रोकना अब भी चुनौती है। वर्ष भर पहले ही ओड़ीशा के बालासोर में तीन गाड़ियां आपस में टकरा गई थीं, जिसमें दो सौ नब्बे से अधिक लोग मारे गए। अब पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में एक मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें करीब पंद्रह लोगों के मरने और साठ से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। पीछे के जिन डिब्बों में टक्कर लगी और वे पटरी से उतर गए उनमें से दो सामान और गार्ड के डिब्बे थे। अगर उनमें भी मुसाफिर रहे होते तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना बड़ा होता। इस दुर्घटना के पीछे स्वचालित सिग्नल प्रणाली का खराब होना कारण बताया जा रहा है। जैसा कि हर दुर्घटना के बाद मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की जाती है, वह औपचारिकता निभा दी गई है, मगर असली वजह का पता नहीं चल पाया है। जिस रेल लाइन पर यह हादसा हुआ, वह पूर्वोत्तर का सबसे व्यस्त मार्ग है। कहा जा रहा है कि इस मार्ग पर अभी टक्कररोधी उपकरण कवच नहीं लगा है, वरना यह हादसा न होने पाता। हर रेल हादसे के बाद नियम-कायदों के उल्लंघन, तकनीकी खामियों आदि को लेकर मंथन चलता रहता है और आखिरकार उस पर पर्दा डाल कर किनारे कर दिया जाता है। अगर रेल विभाग सचमुच रेल दुर्घटनाएं रोकने को लेकर गंभीर होता, तो ऐसी मामूली लापरवाहियों और तकनीकी खामियों की वजह से ऐसे बड़े हादसे न होने पाते। ट्रेनों में टक्कररोधी उपकरण लगाने का प्रस्ताव करीब पच्चीस साल पुराना है। वर्तमान सरकार ने इसके लिए कवच नामक उपकरण विकसित किया और बढ़-चढ़ कर दावा किया गया कि इस उपकरण से रेल हादसे पूरी तरह रोके जा सकेंगे। मगर हकीकत यह है कि अभी तक केवल डेढ़ हजार किलोमीटर रास्ते में इस उपकरण को लगाया जा सका है। हालांकि रेल हादसे केवल गाड़ियों के टकराने से नहीं होते। कभी रेल की पटरियां उखड़ जाने से डिब्बे उतर जाते हैं, तो कभी गलत पटरी पर गाड़ियों को रवाना कर दिया जाता है, कभी सिग्नल प्रणाली ठीक न होने से गाड़ियां स्टेशन छोड़ कर आगे बढ़ जाती हैं। ज्यादातर हादसे व्यस्त मार्गों और तेज रफ्तार गाड़ियों में ही देखे जाते हैं। विचित्र है कि देश में बुलेट ट्रेन चलाने का नक्शा खींचा जा रहा है, वंदेभारत जैसी तेज रफ्तार गाड़ियां बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है, मगर पटरियों को सुगम बनाने के लिए जो जरूरी संसाधन चाहिए, वे नहीं जुटाए जा रहे। असुरक्षित पटरियों और कमजोर संचालन प्रणाली के जरिए मुसाफिरों को सुरक्षित सफर मुहैया कराना चुनौती ही रहेगा। लगातार हादसों के बाद जिस तरह रेलमंत्री के कामकाज के तरीके पर गंभीर सवाल उठे थे, अपेक्षा की जाती थी कि उसमें सुधार किया जाएगा। मगर नई सरकार में भी उन्हीं को रेलवे की जिम्मेदारी सौंपी गई। अब भी सब कुछ पुराने ढर्रे पर दिख रहा है। हालांकि वे तुरंत दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए, पर इतने भर से सरकार की संजीदगी साबित नहीं होती, जब तक कि वह रेल सुरक्षा से जुड़े बुनियादी पहलुओं पर गंभीरता नहीं दिखाती। देश में एक रेल हादसे के बाद रेलमंत्री के इस्तीफा देने का भी उदाहरण रहा है। लोग भरोसा करके रेलगाड़ी से अपने गंतव्य के लिए चलते हैं, मगर किसी की लापरवाही की वजह से उन्हें जान गंवानी पड़ती है।

## आवारा पशुओं को लेकर तहसील आ धमकी बैजनाथ की महिलाएं

गरुड़(उद संवाददाता)। लावारिस जानवरों को लेकर क्षेत्र की महिलाएं तहसील कार्यालय आ धमकी। उन्होंने तहसील प्रशासन से लावारिस जानवरों से निजात दिलाए जाने की मांग की। मंगलवार को बैजनाथ की महिलाएं क्षेत्र में घूम रहे लावारिस जानवरों को लेकर तहसील कार्यालय आ धमकी। महिलाओं ने कहा कि वर्षा हो नहीं रही है। खेतों में धान की नर्सरी सूख गई है। शेष बची नर्सरी लावारिस



जानवरों ने चट कर दी है। उन्होंने कहा कि वे दोहरी मार झेल रही हैं। उन्होंने कहा कि वे गाड़-गधेरों से जैसे-तैसे कनस्तरों से पानी धोकर धान की नर्सरी बचा रहे हैं, लेकिन लावारिस जानवर क्षणभर में उनकी नर्सरी चौपट कर जा रहे हैं। अब वे रोपाई कैसे लगाएंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उन्हें शीघ्र लावारिस जानवरों से निजात नहीं मिली तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगी। इस दौरान दीपा गोस्वामी, पुष्पा गोस्वामी, भगवती गोस्वामी, जानकी गोस्वामी, गोविंदी देवी, दीपा देवी, गुन्नू गोस्वामी समेत दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## दो दुकानदारों में हुआ झगड़ा बचाव करने आए बेटे की हत्या

हरिद्वार। हरिद्वार नगर कोतवाली क्षेत्र के लालजीवाला में देर रात ग्राहकों को लेकर झुग्गी झोपड़ी में दुकान चलाने वाले दो व्यक्तियों के बीच झगड़ा हो गया। एक दुकानदार ने दूसरे दुकानदार पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। इस बीच बचाव करने आए दुकानदार के बेटे को भी चाकू से गोद डाला, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी को हिरासत में लिया। घायल को अस्पताल में भिजवाया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, घटना सोमवार रात करीब 11 बजे की है। रोड़ीबेलवाला चौकी क्षेत्र के लालजीवाला में रामजीत (50 वर्ष) झुग्गी झोपड़ी में ही परचून की दुकान चलाते हैं और पास में ही केदार उर्फ खैरिया की भी दुकान है। रात में दुकानों पर ग्राहक को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। नशे की हालत में केदार ने चाकू उठा लिया और रामजीत पर वार करने शुरू कर दिए। इसी बीच रामजीत का 20 वर्षीय पुत्र दिनेश बीच बचाओ करने के लिए आया तो उस पर भी ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई और रामजीत गंभीर रूप से घायल हो गए। हत्या की सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। जिस पर नगर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा, एसएसआई सतेंद्र बुटोला, रोडीबेलवाला चौकी प्रभारी यशवीर सिंह नेगी तुरंत मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल रामजीत को जिला अस्पताल भिजवाया। साथी मृतक दिनेश के शव को कब्जे में लिया। रामजीत की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि जांच चल रही है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा

## टुकटुक यूनियन के अध्यक्ष ने राहगीरों को बांटा ठंडा शरबत

गूलरभोज(उद संवाददाता)। टुकटुक यूनियन के अध्यक्ष संजीव गुप्ता के प्रतिष्ठान पर भीषण गर्मी से राहत और इंद्र देवता को प्रसन्न करने के लिए ठंडे पानी का छबील लगाई गयी। साथ में लड्डू का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर नंदन नेगी, विजय यादव, मुकेश ठाकुर, अमित कुमार गुप्ता, डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, सीताराम, अजीत मिस्त्री, गोविंद सिंह, विजय सिंह, मुकेश कुमार, हरेंद्र तोमर, अंकित, रमेश कुमार, विक्रम मेहरा आदि उपस्थित थे।



## निर्जला एकादशी पर बांटा शरबत


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज निर्जला एकादशी पर्व श्रद्धालुओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की वहीं नगर व ग्रमीण क्षेत्रों में लोगों ने अनेक स्थानों पर छबील लगाकर राहगीरों को मीठे जल



का वितरण किया। नगर के रविन्द्र नगर, मुख्य बाजार, नगर निगम द्वार, ट्रांजिट कैम्प, सिंह कालोनी, आदर्श कालोनी, आवास विकास, सुभाष कालोनी, किच्छा बाईपास रोड, काशीपुर बाईपास रोड, भूरारानी, गंगापुर रोड, मलिक कालोनी आदि आवासीय क्षेत्रों के साथ ही निकटवर्ती ग्राम दानपुर, भगवानपुर, फुलसुंगा, छत्तरपुर, बगवाड़ा, लालपुर आदि ग्रामों में भी लोगों ने छबील लगाकर राहगीरों को शरबत बांटा।

# पाठ्यक्रम की पुस्तकों में सामने आता भारत की सभ्यता का बोध

राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले पाठों में बदलाव की शुरूआत साकारात्मक नजरिए से शुरू हो गई है। अब 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की किताब में से बाबरी मस्जिद, हिंदुत्व की राजनीति 2002, गुजरात दंगों से जुड़े पाठ को हटा दिया है। इसकी जगह 'राम जन्मभूमि आंदोलन की विरासत क्या है' इस पाठ को जोड़ा गया है। इससे पहले इतिहास की पुस्तकों में राखीगढ़ी और आर्यों के मूल स्थान से जुड़े पाठ जोड़े गए है। इन परिवर्तनों को लेकर राजग सरकार पर पाठ्यक्रम में कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने शिक्षा में भगवाकरण के आरोप लगाए है। इस सिलसिले में एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश सकलानी का कहना है कि पढ़ाई का उद्देश्य हिंसक नागरिक बनाना नहीं है। हमें छात्रों को दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए। वैसे भी पाठ्यपुस्तकों में बदलाव एक वैश्विक प्रथा है, जो शिक्षा के हित में है। विद्यार्थियों को इतिहास में हुई हिंसक और बर्बरतापूर्ण घटनाओं के बारे में पढ़ाना जरूरी नहीं है, इसलिए साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर कई अहम बदलाव किए गए हैं। सकलानी ने इशारों में कहा है कि जब 1984 के दंगों से जुड़े पाठों को हटाया गया था, तब उस पर इतना हंगामा नहीं हुआ था। जाहिर है, विभिन्न विषयों के पाठों में हो रहे बदलाव से छात्र अब भारत बोध की गरिमा से गौरवान्वित होंगे। एनसीआरटी की पुस्तकों में वाकई सकारात्मक बदलाव हो रहे है। इसके पहले भारतीय ज्ञान प्रणाली के संदर्भ में महरौली के लौहे स्तंभ के बारे में भी बताया गया है। भारतीय दुनिया में धातु विज्ञान से जुड़े अनुसंधानों के मामले में बहुत आगे थे। ऋग्वेद में लौहे के आविष्कार के बारे में बताया गया है। इसी क्रम में सोना, तांबा और कांसा धातुओं के आविष्कार किए गए। अतएव ऐसे पाठों को जोड़ना भारतीय विज्ञान की विरासत को छात्रों के सामने लाना है। इसी क्रम में भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं। 21 वर्ष की खींचतान और दुनियाभर में हुए अध्ययनों के बाद आखिरकार यह तय हो गया कि 'आर्य सभ्यता' भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय 'राखीगढ़ी मैन' के नाम से प्रसिद्ध हुए प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12वीं की किताब में बदलाव किया गया है। इसमें इतिहास की पाठ्य पुस्तक में 'ईंट, मोती और हड्डियां:हड़प्पा सभ्यता' नामक पाठ में आर्यों को मूल भारतीय होना बताया है। इसके अलावा कक्षा 7, 8, 10 और 11 के इतिहास और समाजशास्त्र के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है। इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है। इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव, नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है। परंतु अब आर्यों के भारतीय होने के संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के टॉमस कीवीशील्ड ने किया था। 2003 में 'अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स' में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंशाणु (जीन) के आधार पर आर्यों के भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि वर्ष 2009 में वाराणसी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो लालजी सिंह और प्रो थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आर्यों को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो



वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंषाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध हैं। इसके आधार पर यह तथ्य स्थापित हुआ कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति आर्यों द्वारा निर्मित है। एनसीआरईटी के इतिहास पाठ्यक्रम निधरिण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं। इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। इसी तरह कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विशय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए है। इतिहास पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली-राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। गोया, अब यह अवधारणा पलट गई है कि आर्य न तो विदेशी थे और न ही उन्होंने कभी भारत पर आक्रमण किया। अतएव आर्य भारत के मूल निवासी थे। हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में की गई पुरातत्वीय खुदाई में 5000 साल पुराने मिले दो मानव कंकालों के डीएनए अध्ययन के निष्कर्ष से यह ध रणा सामने आई है। इन कंकालों में एक पुरुष और एक स्त्री का था। इनके कई नमूने लेकर उनका आनुवांशिक अध्ययन पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, भारत सरकार, डेक्कन विश्व-विद्यालय पुणे, सीसीएमबी हैदराबाद और हार्वड स्कूल ऑफ मेडिसन बोस्टन यूएसए ने किया है। इस डीएनए विश्लेषण में यह भी स्पष्ट हो गया है कि आर्य और द्रविड़ मूल भातीय हैं। राखीगढ़ी हड़प्पा सभ्यता के सबसे बड़े केंद्रों में से एक है। करीब 300 एकड़ में फैले इस क्षेत्र में पुरातत्वविदों ने 2015 में उत्खनन किया था। आर्य हमलावर के रूप में विदेश से आए होते और नरसंहार किया होता तो मानव कंकालों के शरीर पर घावों के निशान होते। भारतीय संस्कृति और भाषाएं नष्ट हो गई होतीं। ऐसा होता तो आक्रमण की बात सिद्ध होती। व्यापार व पर्यटन आदि के लिए भारत में विदेशी समय-समय पर आते रहे हैं और भारतीय भी विदेश जाते रहे हैं। इन कारणों से जीन में मिलावट होती रही हैं। साफ है, आर्य भारत के ही थे। प्रोफेसर शिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग-अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर-कंकाल मिले हैं। साथ ही भिन्न आकार व आकृति के हवन-कुंड और कोयले के अवशेष मिले हैं। तय है भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृश्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निशान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे। आनुवांशिक संरचना के आधार पर हैदराबाद की संस्था 'सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी' के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस शोध से जो निश्कर्श सामने आए थे, उनसे स्पष्ट हुआ था कि मूल भारतीय ही 'आर्य' थे। इस शोध का आधार भारतीयों की कोशिकाओं का आनुवंशिक ढांचा है, जिसका सिलसिलेबार अध्ययन किया गया। जिससे तय हुआ कि भारतीयों की कोशिकाओं का संरचनात्मक ढांचा पांच हजार साल से भी ज्यादा पुराना है। इस आधार पर यह कहानी एकदम निराधार साबित हो जाती है कि भारत के लोग 3.5 हजार साल पहले किसी दूसरे देश से आक्रमणकारियों के रूप में यहां आए थे। यदि आए होते तो हमारा आनुवंशिक ढांचा भी 3.5 हजार साल से ज्यादा पुराना नहीं होता। क्योंकि जब वातावरण बदलता है तो आनुवंशिक ढांचा भी बदल जाता है। इस तथ्य को इस मिसाल से समझा जा सकता है, मसलन हमारे बीच से कोई व्यक्ति आज अमेरिका या ब्रिटेन जाकर रहने लग जाए तो उसकी जो चौथी-पांचवीं पीढ़ी होगी, उसकी सवा-डेढ़ सौ साल बाद आनुवांशिक संरचना अमेरिका या ब्रिटेन निवासियों जैसी होने लग जाएगी। क्योंकि इन देशों के वातावरण का असर उसकी आनुवांशिक संरचना पर पड़ेगा। भारतीय संस्कृति के निर्माता और वेदों के रचियता आर्य भारत के मूल निवासी थे। यदि प्राचीन भारतीय इतिहास को भारतीय दृष्टि से देखें तो आर्य भारत के ही मूल निवासी थे। पाश्चात्य इतिहास लेखकों ने पौने दो सौ साल पहले जब प्राच्य विषयों और प्राच्य विद्याओं का अध्ययन शुरु किया तो बड़ी कुटिल चतुराई से जर्मन विद्वान व इतिहासविद् मैक्समूलर ने पहली बार 'आर्य' शब्द को जाति सूचक शब्द से जोड़ दिया। वेदों का संस्कृत से जर्मनी में अनुवाद भी पहली बार मैक्समूलर ने ही किया था। ऐसा इसलिए किया गया जिससे आर्यों को अभारतीय घोषित किया जा सके। जबकि वैदिक युग में 'आर्य' और 'दस्यु' शब्द पूरे मानवीय चरित्र को दो भागों में बांटते थे। प्राचीन साहित्य में भारतीय नारी अपने पति को 'आर्य-पुरुष' अथवा 'आर्य-पुत्र' नाम से संबोधित करती थी। इससे यह साबित होता है कि आर्य श्रेष्ठ पुरुषों का संकेत-सूचक शब्द था। ऋग्वेद, रामायण, महाभारत, पुराण व अन्य संस्कृत ग्रंथों में कहीं भी आर्य शब्द का प्रयोग जातिसूचक शब्द के रूप में नहीं हुआ है। आर्य का अर्थ 'श्रेष्ठि' अथवा 'श्रेष्ठ' भी है। वैदिक युग में तो वैसे भी जाति व्यवस्था थी ही नहीं। हां, वर्ण व्यवस्था जरूर अस्तित्व में आ गई थी। इसके अलावा वेद तथा अन्य संस्कृत साहित्य में कहीं भी उल्लेख नहीं है कि आर्य भारत में बाहर से आए। यदि आर्य भारत में बाहर से आए होते तो प्राचीन विपुल संस्कृत साहित्य में अवश्य इस घटना का उल्लेख व स्पष्टिकरण होता।

**प्रमोद भार्गव, लेखक, साहित्यकार व वरिष्ठ पत्रकार हैं।**




# अन्डर पास निर्माण को लेकर एसएसपी का सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ओमेक्स रिवेरा के पास वर्षों से स्वीकृत हुए अन्डर पास (रेलवे लाईन) को जनहित में तुरन्त निर्माण कराये जाने की मांग को लेकर आज क्षेत्र वासियों के ण्क शिष्टमुडल ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने बताया कि नैनीताल रोड पर निर्मित आवासीय कालौनी ओमेक्स रिवेरा के उत्तर तरफ से जा रहीं पक्की सड़क पर वर्षों से लोगों की समस्याओं को ध्यान मे रखते हुए, रेलवे लाईन पर अन्डर पास स्वीकृत किया गया है। परन्तु सरकार की अनदेखी के कारण, कई ग्राम व नगर निगम क्षेत्र के हजारों परिवार जिला मुख्यालय व जिला चिकित्सालय आने-जाने मे परेशानी हो रहीं है। सिडकुल आने के बाद से कुछ ही वर्षों में ग्राम छत्तरपुर, मटकोटा, भूरारानी, बिन्दुखेड़ा, रायपुर, अर्जुनपुर, दानपुर, भगवानपुर, बागवाला, कीरतपुर आदि ग्रामों मे हजारों की संख्या में नये परिवार आ गये है। इससे वर्तमान समय में इन क्षेत्रो मे लाखों लोगों की आवाजाही बढ़ गई है, इन क्षेत्रों मे वर्तमान समय में सैकड़ों नई आवासीय कालौनियां बस गई है।लोगों की समस्याओं के कारण अन्डर पास को स्वीकृत किया गया था। लेकिन सरकार की अनदेखी के कारण उक्त अन्डर पास का काम रुका हुआ है। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में जब कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाता है, तो कई किलोमीटर का सफर करके, उसे अस्पताल पहुंचाया जाता है। बच्चों को



स्कूल जाने में परेशानी हो रहीं है। इसके अलावा स्वास्थ्य सम्बन्धी योजनाओं का भी लाभ प्राप्त नहीं हो पाता है, क्योकि जिला चिकित्सालय दूर होने के कारण, लोगों को प्राईवेट अस्पताल में जाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में उक्त अन्डर पास को तुरन्त बनवाया जाना अत्यन्त आवश्यक है ।अभी कुछ दिन पूर्व ही जनहित की मांग पर स्थानीय प्रशासन द्वारा उक्त अंडरपास का कार्य आरम्भ कराया है, जिसमे औमेक्स निवासी काफी लोग भी सहमत है, लेकिन औमेक्स के कुछ तत्वों के द्वारा उक्त अंडरपास के कार्य को रोके जाने पर तरह-2 आपत्तियां प्रस्तुत कर कार्य को जानबूझकर बाधित कर रहे है, जिससे अंडरपास का कार्य बार-बार रोका जा रहा है, जिससे आम जनता के मन में रोष व्याप्त हो रहा है। रोषित लोगों ने ज्ञापन में जिलाधिकारी से सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए. संबंधित अधिकारियों को आदेशित कर, तुरन्त प्रभाव से उक्त अंडरपास को बनवाने का आग्रह किया है। ज्ञापन देने वालों में मोहन खेड़ा, ठा. जगदीश सिंह, ज्ञान सिंह, देवेन्द्र बालम, राकेश नौटियाल, बीडी भट्ट्ट, सुनील जंडवानी, सुशील चौहान, राजकुमार सिंह, महेन्द्र रौतेला, हरीश भट्ट, पूरन चन्द्र आदि शामिल थे।

# पंजीकृत श्रमिकों को विधायक ने बांटी टूल किट

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने एक बार फिर पंजीकृत श्रम कार्ड धारकों को टूल किट वितरित की। इससे पहले भी विधायक शिव अरोरा ने इस कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए 200 लोगो को किट बाटी थी। मंगलवार को विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के मनोज दास बरात घर में श्रम विभाग द्वारा लगाये गये शिविर के माध्यम से 200 पंजीकृत श्रम कार्ड धारको को टूल किट व सुरक्षा सम्बन्धित जरूरी उपकरण बांटे। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा उनका प्रयास है कि पंजीकृत श्रमिकों उसका अधिकार मिले इसलिए उनका प्रयास है की उत्तराखंड सरकार के सौजन्य से बाटी जा रही शत प्रतिशत किट श्रमिकों को मिले, इसके लिए वह स्वयं चिंता कर रहे ओर जगह जगह शिविर के माध्यम से टूल किट बांटी जा रही है। इस दौरान कार्यक्रम मे मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, तरुण दत्ता, राजकुमार शाह,विजय डे, शिवकुमार गंगवार,डी के गंगवार, मुकेश, कैलाश राठौर, दिलीप अधिकारी,कृष्णपाल, वीरेन्द्र राठौर, आकाश, मनोज मदान, गोविन्द शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।



## पेज एक का शेष...

**नीट परीक्षा में** ...को उम्मीद है। संभावना है कि सभी को मुख्य याचिका के साथ जोड़ा जा सकता है। इन याचिकाओं में नीट परीक्षा के 3 कथित पेपर लीक, असामान्य संख्या में परफेक्ट स्कोर, मुआवजा अंक और इसके आयोजन में गड़बड़ी के आरोप और जांच की गुहार है। इस कानूनी लड़ाई में सबसे आगे प्रभावित छात्र, कोचिंग संस्थान के मालिक, डॉक्टर, वकील, राजनेता और आरटीआई एक्टिविस्ट भी शामिल हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय पात्रता-सह- प्रवेश परीक्षा को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा फिर से आयोजित करने की मांग की है। कई याचिकाओं में इस पूरे मामले की कोर्ट की निगरानी में सीबीआई या एसआईटी से किसी जस्टिस की निगरानी में जांच कराए जाने की मांग भी की गई है। अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी।

**रायपुर गोलीकांड का** ..योगेश आदि शराब पी रहे थे। जैसे ही दीपक बडोला और उनके साथी गेट पर पहुंचे इन सभी ने उन पर गोलियां चला ली। एक गोली दीपक बडोला के गले में और दूसरी पेट में लगी। बाकी दोनों को पेट में गोली लगी थी। दीपक बडोला घायल हालत में ही वहां से भाग गया, जबकि क्षेत्री और नेगी सोनू भारद्वाज के गेट पर ही गिर गए। क्षेत्री के परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। उधर परिजन और पुलिस सुबह तक दीपक की तलाश करते रहे। इसके बाद सोमवार सुबह छह बजे बडोला का शव डोभाल चौक के पास करीब 10 फीट गहरे नाले से बरामद हुआ। रात में इस घटना को अंजाम देने के बाद रामबीर और मनीष कार लेकर भाग निकले। पुलिस ने पीछा किया तो आशारोड़ी बैरियर तोड़ते हुए पास ही में कार खड़ी कर जंगल रास्ते भाग निकले। पुलिस ने मामले में सोनू भारद्वाज, मोनू भारद्वाज निवासी गढ़वाली कॉलोनी और सागर यादव निवासी नेहरू ग्राम को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि मुख्य आरोपी रामबीर फरार था। पुलिस ने रामबीर को तलवार गाँव थाना बेहरोल सदर जिला कोटपुतली राजस्थान गिरफ्तार कर लिया है। रामबीर के खिलाफ पहले भी हत्या के मुकदमे दर्ज हैं। वर्तमान में वह रायपुर में ही 2020 में हुई एक हत्या के मामले में पैरोल पर जेल से बाहर चल रहा था।

**मार्निंग वाक पर निकले...**ने कहा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्तराखंड समेत पूरे देश में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई छोटी सी पहल आज विश्वभर में घर-घर में फैल गई है। इस दौरान नेपाल से आए योगाचार्य के दल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। सीएम ने बीडी पाण्डे चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की स्वच्छता एवं मरीजों के उपचार आदि व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

**कमरे में फैक्ट्री कर्मी..** पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की पत्नी व दो छोटी पुत्रियां साक्षी तथा आलिया हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

**ट्रैक्टर ट्राली में अवैध..**की अवैध इमारती लकड़ी के 25 नग भरे मिले। दोनों व्यक्तियों ने बताया कि वहें लकड़ी के व्यापारी है। गुलजारपुर में जंगल से जाकर चोरी छिपे यह सागौन व शीशम की इमारती लकडी के पेडों को काटा था। जिसे बेचने के लिए स्वार लकडी मण्डी जा रहे थे। पुलिस ने बरामद लकड़ी व ट्रैक्टर ट्राली कब्जें में लेकर दोनों वन्य तस्करों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

**उत्पीड़न के खिलाफ...**लगाने को शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से आवाज उठा रहे हैं। डॉल्फिन कम्पनी के मजदूरों की बैठक में 5 मई और 5 जून को कुछ लोगों द्वारा हाथपाई कर महिलाओं के साथ छेड़खानी की गई और बिना इजाजत के वीडियो बनाई गई। पुलिस को मजदूरों ने उक्त हमलावरों के खिलाफ लिखित तहरीर तीन बार ट्रांजिट कैम्प थाने में दी लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

**फोन चुराकर** ..मोबाइल का सिम चालू करवाया तो पता चला कि उसके उक्त मोबाइल से पेटियम व फोन पे द्वारा उसके खाते से 3. 80 लाखरुपए की राशि निकाली गयी है।

# कुष्ठ आश्रम में खाद्य सामग्री बांटी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत वर्षों की तरह पूर्व मुख्यमंत्री व महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी का 82 वा जन्मदिवस समारोह समिति द्बारा समरसता दिवस के रूप में धूमधाम के साथ कुष्ठ आश्रम में मनाया गया। समिति पदाधिकारियों व कुष्ठ आश्रम के साथियों ने भगत सिंह कोश्यारी की दीर्घायु के लिए ईष्ट देव गोलज्यू देवता से प्रार्थना की व सभी कुष्ठ आश्रम साथियों को खाद्य सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम में मदन मोहन जोशी, नरेश खुलबे, वीरेन्द्र जयसवाल कुष्ठ आश्रम के प्रधान सुमन पाठक, देवीलाल, गोपाल सिंह, नर बहादुर, रामेश्वर जोशी, मोतीलाल भंडारी, वीर सिंह, रतन सिंह , नर राम, जेड वारसी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## सूचना

मैं अनिल कुमार छाबड़ा पुत्र श्री सतनाम दास छाबड़ा, निवासी 29 प्रताप मार्केट, रूद्रपुर प्रतिज्ञा ओथ फाउण्डेशन सोसायटी से 12 फरवरी 2024 को इस्तीफा दे दिया है। 12 फरवरी 2024 के बाद से इस सोसायटी के किसी भी कियाकलाप से मेरा कोई सम्बंध नहीं है और ना ही भविष्य में सोसायटी के किसी भी कियाकलाप से मेरा सम्बंध रहेगा।

अनिल कुमार छाबड़ा पुत्र श्री सतनाम दास छाबड़ा, निवासी 29 प्रताप मार्केट, रूद्रपुर
जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'सेहत से खिलवाड़' के साथ, जेब भी काट रही हैं 'कोल्ड ड्रिंक कंपनियां'

## गर्मियों के सीजन में बाजार में बिकने वाली कोल्ड ड्रिंक में चीनी निर्धारित मात्रा से पांच गुना अधिक बड़ी कोल्ड ड्रिंक कंपनियां छिपा रही हैं रंगों की गुणवत्ता एवं केमिकल से संबंधित जानकारियां

-अर्श-

रूद्रपुर। लोगों के बदन को झुलसा देने वाली इस भीषण गर्मी में से राहत पाने और गर्मी के कारण सूखते गले को तर करने के लिए अगर आप भी बारंबार कोल्ड ड्रिंक का सहारा लेते हैं? तो सावधान हो जाइए ,क्योंकि कोल्ड ड्रिंक कंपनियां न केवल उपभोक्ताओं की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रही हैं बल्कि उनकी जेब पर डाका भी डाल रही हैं। इतना ही नहीं देश के कार्बोनेट ड्रिंक के व्यवसाय के तकरीबन 90 प्रतिशत क्षेत्र में लगभग एकाधिकार रखने वाली उक्त बड़ी कंपनियां आईसीएमआर के मानकों को भी ठेगा दिख रही हैं। हैरत की बात तो यह है कि बड़ी कोल्ड ड्रिंक कंपनियों द्वारा आमजन के सेहत के साथ खुलेआम किए जा रहे इस खिलवाड़ पर सरकार की आंखें पूरी तरह है बंद है। खास बात तो यह है कि उपरोक्त कोल्ड ड्रिंक कंपनियां अपने मूल देश अमेरिका में सेहत संबंधी निर्धारित मानकों का पालन भी करती हैं और अपने उत्पाद पर लेबलिंग करते समय उत्पाद के निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री का भी बड़े-बड़े अक्षरों में उल्लेख करती है। जबकि भारत में व्यवसाय करते समय उक्त कार्बोनेट कंपनियों का रवैया पूरी तरह बदल जाता है। बताना होगा कि देश में बिक रही तकरीबन सभी ब्रांड की कोल्ड ड्रिंक में आईसीएमआर के मानकों से 5 गुना ज्यादा चीनी मिलाई जा रही है, साथ ही कोल्ड ड्रिंक की बोतल पर लगाए जाने वाले लेबल पर कोल्ड ड्रिंक बनाने में इस्तेमाल की गई सामग्री और उसमें मौजूद कैलोरी भी छिपाई जा रही है। न्यूट्रिशंस एडवोकेसी इन पब्लिक इंटरेस्ट (एनएपीआई) दिल्ली की एक पड़ताल में यह तथ्य सामने आया है कि भारत में बेची जाने वाली कोल्ड ड्रिंक की बोतल में लोगो वाले लेबल के पीछे बहुत छोटी सी जगह में ,उत्पाद के निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री या इनग्रेडिएंट्स की जानकारी दी जाती है ,जबकि यही कंपनियां अमेरिका में ड्रिंक बेचते समय उनमें लोगो वाले लेबल के नीचे एक



और लेबल लगती है, जिसमें बड़े-बड़े अक्षरों में इंग्रेडिएंट्स और कैलोरी का स्पष्ट उल्लेख रहता है ।साथ ही अमेरिकन कार्बोनेट ड्रिंक की बोतल पर लगाए जाने वाले लेबल में इस बात का स्पष्ट उल्लेख रहता है कि कोल्ड ड्रिंक कि इस बोतल से किसी भी प्रकार का पोषण नहीं मिलता है तथा यह कोई हेल्थ ड्रिंक नहीं है। जबकि भारत में बेची जाने वाली कोल्ड ड्रिंक की बोतलों के लेबल पर यह जानकारी नहीं उल्लेखित की जाती। चूंकि अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य गाइडलाइन के अनुसार दिन भर में 250 एम एल से अधिक कोल्ड ड्रिंक पीना सेहत के लिए हानिकारक होता है, इसलिए अमेरिका में सिंगल ड्रिंक की बोतल 330 एम एल की होती है, ताकि लोग एक दिन में 250 एम एल से अधिक कोल्ड ड्रिंक का सेवन न करें। जबकि भारत में यह बोतल 750 एम एल की होती है जिसमें तकरीबन 80 ग्राम चीनी की मात्रा होती है जो की सेहत के दृष्टि से बेहद हानिकारक है। अमेरिकन कार्बोनेट ड्रिंक की बोतल पर इस बात का स्पष्ट उल्लेख होता है कि उक्त ड्रिंक को तैयार करते समय इसमें कार्बोनेट वाटर के साथ केरामल कलर्स डाले गए हैं तथा इसमें फास्फोरिक एसिड और कैफीन भी मिलाया गया है ।भारत में इस प्रकार की जानकारी का सर्वथा अभाव रहता है। हाल ही में हुए एक शोध में भारत में बेचे जाने वाली 750 एम एल की कार्बोनेट ड्रिंक की बोतल में 10.6 ग्राम प्रति 100 एम एल के हिसाब से 79.5 ग्राम चीनी पाई गई है ,जबकि आईसीएमआर की गाइड लाइन यह स्पष्ट व्यवस्था करती है कि प्रति 100 एम एल ड्रिंक में दो ग्राम से अधिक चीनी नहीं होनी चाहिए और एक स्वस्थ व्यक्ति को एक दिन में 25 ग्राम से अधिक चीनी नहीं खाना चाहिए ।बावजूद इसके समूचे देश में सेहत की दृष्टि से हानिकारक कार्बोनेट ड्रिंक की बिक्री निर्बाध रूप से होना, आमजन के स्वास्थ्य के प्रति सरकार की उदासीनता का परिचायक तो है ही, साथ ही यह उपभोक्ता जागरूकता अभाव से जुड़ा हुआ एक गंभीर मसला भी है ।कोल्ड ड्रिंक कंपनियां भारतीय उपभोक्ताओं की जेब पर डाका कैसे डाल रही है ? इसे इस तरह समझा जा सकता है कि उपभोक्ता 40 रुपया चुकाकर कोल्ड ड्रिंक कंपनियों से केवल 80 ग्राम चीनी ही तो प्राप्त कर पाते हैं। कोल्ड ड्रिंक में चीनी के अलावा पानी और रंग ही होता है ,जिसकी कोई खास कीमत नहीं होती। अगर चीनी की स्टैंडर्ड प्राइस 45 रुपए मान ले ,तो उपभोक्ता को कोल्ड ड्रिंक से प्राप्त होने वाली तकरीबन 80 ग्राम चीनी केवल 3.60 रुपया की होती है। लिहाजा यह अंदाजा लगाना तनिक भी कठिन नहीं की कोल्ड ड्रिंक कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं को कैसे चूना लगाया जा रहा है और उपभोक्ता कितना दाम देकर, कितना सामान ले रहे हैं?

# दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए निःशुल्क खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित







## सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए गंभीर: शिव अरोरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिव्यांग खिलाड़ियों को खेलों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ाने एवं पैरालंपिक खेलों को बढ़ावा देने के मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोड़ा, कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ एवं अंतर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनोज सरकार ने संयुक्त रूप से सात दिवसीय निःशुल्क खेल प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। इस प्रशिक्षण शिविर में खटीमा, नानकमत्ता, किच्छा, रुद्रपुर, गदरपुर ,बाजपुर, काशीपुर, जसपुर से पहुंचे लगभग 70 दिव्यांग खिलाड़ियों को विधायक शिव अरोड़ा,भारत भूषण चुघ एवं अंतर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनोज सरकार, समाजसेवी मनोज पांडेय द्वारा टी शर्ट वितरित की गई । प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए भगवती मेडिकल के स्वामी समाजसेवी दीपक छाबड़ा द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है, शहर के दिव्यांग खिलाड़ियों ने पहले भी अपनी प्रतिभा का लोहा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनवाया है आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। विधायक ने कहा आज खेलों में कैरियर की अपार संभावनाएं हैं। धामी सरकार लगातार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। पूरे प्रदेश में ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है जिससे हजारों खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है।खेल महाकुंभ प्रदेश में बेहतर खेल वातावरण तैयार करने में वरदान साबित होंगे इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों से खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारत भूषण चुघ ने कहा कि खेलों से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक विकास भी होता है जिस प्रकार खेल के क्षेत्र में आज हमारे शहर के दिव्यांग खिलाड़ी अपना प्रदर्शन कर रहे हैं कहीं ना कहीं यह है हमारे लिए गर्व की बात है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं खेल मंत्री रेखा आर्य द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना बनाकर खिलाड़ियों को खेलों से जोड़ने के लिए सराहनीय काम कर रहे हैं अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी सत्य प्रकाश द्वारा लगाए गए निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का लाभ जूनियर खिलाड़ियों को मिलेगा जिससे वे आगमी होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन कर सकेंगे। इस दौरान भारत भूषण चुघ के कहने पर शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति शिव कुमार अग्रवाल ने घोषणा की खिलाड़ियों के लिए उन्हें एक कोच उनकी तरफ से उपलब्ध कराया जाएगा ,जिसका सभी ने स्वागत किया।अर्जुन अवॉर्डी अंतरराष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी मनोज सरकार ने दिव्यांग खिलाड़ियों को पैरा बैडमिंटन खेल के बारिकियों को समझाते हुए गुर सिखाए। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी हरीश चौधरी, डॉ नागेंद्र शर्मा, हरीश पनेरु, मनोज पांडे ,रेखा मेहता, कुलदीप, राकेश कुमार, दिनेश कुमार, धन सिंह कोरंगा, सुबोध कुमार, आलोक तिवारी, सूर्य प्रताप सिंह भंडारी, सुरेंद्र रावत, अजय बड़ोई, बाबू सिंह, मोहम्मद यासीन, राजदीप सिंह, प्रदीप कुमार, अभिनव गुप्ता, सुनील शर्मा, गुरदीप कामरा, अनंत त्यागी, किशन सिंह, किरण पांडे, आयुष्मान जोशी, हरगुन सिंह, युवराज वर्मा, राज कोली सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

